# न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी बाप, फलोदी

**पीठासीन अधिकारी :– सुखाराम पिण्डेल (आर.ए.एस.)**

| | |
|---|---|
| राजस्व प्रकरण संख्या :– 298 / 2024 | जी.सी.एम.एस. नम्बर :– 2024 / 440 |
| दायर दिनांक :– 18.11.2024 | निर्णय दिनांक :– 02.06.2025 |

1. जयकिशन पुत्र घीसीदेवी पुत्री भेराराम जाति विश्नोई निवासी तिलवासनी तहसील व जिला जोधपुर
2. जीयाराम पुत्र लालाराम जाति विश्नोई निवासी तिलवासनी तहसील व जिला जोधपुर
3. पुखराज पुत्र लालाराम जाति विश्नोई निवासी तिलवासनी तहसील व जिला जोधपुर
4. भंवरलाल पुत्र लालाराम जाति विश्नोई निवासी तिलवासनी तहसील व जिला जोधपुर
5. महेश पुत्र घीसीदेवी पुत्री भैराराम जाति विश्नोई निवासी तिलवासनी तहसील व जिला जोधपुर
6. मोहनलाल पुत्र लालाराम जाति विश्नोई निवासी तिलवासनी तहसील व जिला जोधपु र
7. श्रवण पुत्र घीसीदेवी पुत्री भेराराम जाति विश्नोई निवासी तिलवासनी तहसील व जिला जोधपुर
8. सहीराराम पुत्र लालाराम जाति विश्नोई निवासी तिलवासनी तहसील व जिला जोधपुर
9. सोनीदेवी पत्नी भैराराम जाति लालाराम जाति विश्नोई निवासी तिलवासनी तहसील व जिला जोधपुर
10. हनुमानराम पुत्र घीसीदेवी पुत्री भैराराम जाति विश्नोई निवासी तिलवासनी तहसील व जिला जोधपुर

**–प्रार्थी**

**बनाम**

1. गवरी पत्नी किसनाराम जाति विश्नोई निवास नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
2. पूनाराम पुत्र रूघाराम जाति विश्नोई निवास नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
3. बुधाराम पुत्र मुल्तानाराम जाति विश्नोई निवास नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
4. महीपाल पुत्र मुल्तानाराम जाति विश्नोई निवास नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
5. विकासकुमार पुत्र किसनाराम जाति विश्नोई निवास नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
6. शान्ति पत्नी मुल्तानाराम जाति विश्नोई निवास नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
7. सुरजभानसिंह पुत्र किसनाराम जाति विश्नोई निवास नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
8. सोनाराम पुत्र रूघाराम जाति विश्नोई निवास नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
9. पपूदेवी पत्नी सोहनराम जाति विश्नोई निवास नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
10. पाबुराम पुत्र सहीराम जाति विश्नोई निवास नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
11. बुधकी देवी पत्नी हरिराम जाति विश्नोई निवास नेवा तहसील बाप जिला फलोदी

02/6/25
सहायक कलेक्टर
बाप (फलोदी)

12. राकेश पुत्र सोहनराम जाति विश्नोई निवास नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
13. रामनिवास पुत्र सहीराम जाति विश्नोई निवास नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
14. अशोक कुमार पुत्र समेलाराम जाति मेघवाल निवास कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
15. ओमप्रकाश पुत्र बीरबलराम जाति विश्नोई निवास नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
16. कैलाशी पुत्री हरीकिशन जाति विश्नोई निवास नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
17. नारायणराम पुत्र समेलाराम जाति मेघवाल निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
18. प्रेमाराम पुत्र समेलाराम जाति मेघवाल निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
19. बुद्वाराम पुत्र हरीकिशन जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
20. भागीरथराम पुत्र जगमालराम जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
21. मांगीलाल पुत्र चान्दाराम जाति मेघवाल निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
22. मोहनी पुत्री जगमालराम जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
23. राधा पत्नी पप्पूराम जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
24. रामनिवास पुत्र पप्पूराम जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
25. रामेश्वरलाल पुत्र पप्पूराम जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
26. रामेश्वरी पुत्री हरीकिशन जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
27. शंकरी पुत्री हरीकिशन जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
28. शैतानाराम पुत्र हरीकिशन जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
29. शैतानाराम राव पुत्र जगमाल जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
30. सुगनी पत्नी जगमालराम जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
31. सहीराम पुत्र जगमालराम जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
32. सहीराम पुत्र लाखाराम जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
33. सोमराज पुत्र हरीकिशन जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
34. अर्जुनराम पुत्र हरलाल जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
35. राज्य सरकार जरिये तहसीलदार घंटियाली तहसील घंटियाली जिला फलोदी

**–अप्रार्थीगण**

**राजस्व प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111, 128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम**

**उपस्थित** :–1. श्री ओमप्रकाश गोदारा अधि. प्रार्थीगण
2. पैरोकार सरकार तहसीलदार बाप

**–:: निर्णय ::–**

प्रार्थीगण ने राजस्व प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111,128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 का इस आशय से पेश किया है कि प्रार्थीगण की खातेदारी अधिकारों की कब्जा काश्त की भूमि खेत खसरा नम्बर 112 रकबा 20.1371 हैक्टेयर ग्राम नेंवा पटवार हल्का कानासर

सहायक कलेक्टर
बाप (फलोदी)

तहसील बाप जिला फलोदी (राज.) की सरहद में स्थित है। जमाबन्दी व राजस्व भू–नक्शा की वर्तमान प्रतिलिपि संलग्न प्रार्थना पत्र पेश है। उक्त खसरा के पैमाईश आवेदन पर तहसीलदार बाप द्वारा दिनांक 26.06.2024 को जारी आदेश कम संख्या 236 की पालना में दिनांक 27.06.2024 को हल्का पटवारी द्वारा मौके पर पहुंच कर मुस्तकिल बिन्दु से पैमाईश कर मौका पर ही फर्द पैमाईश तैयार कर मौतबीरान के रूबरू प्रार्थीगण तथा पड़ौसी खातेदारान को सीमा ज्ञान करवाया गया तथा सीमा चिह्न कायम किये गये। दिनांक 27.06.2024 को हल्का पटवारी द्वारा प्रार्थीगण के उक्त खसरे की पैमाईश कर कायम किये गये सीमा चिन्हो (फर्द नजरी नक्शा) के अनुसार प्रार्थीगण द्वारा वर्षा ऋतु के मध्यनजर अपने उक्त खसरे की सीमाओं पर फसल, घास, पाला आदि की सुरक्षा के लिए पत्थर की पट्टियां रोपकर बाड़, तारबन्दी इत्यादि करना शुरू करने पर अप्रार्थीगण सं. 1 ता 34 द्वारा व्यवधान पैदाकर प्रार्थीगण को तारबंदी नहीं करने दे रहे है। प्रार्थीगण की उक्त भूमि की बाड़, तारबंदी नहीं हो पाने से प्रार्थीगण अपनी फसल, घास, पाला इत्यादि की सुरक्षा पत्थर की पट्टिया रोपकर तारबंदी, जाली नहीं कर पाने से प्रार्थीगण को अत्यधिक आर्थिक नुकसान हो रहा है। प्रार्थीगण अपनी उक्त भूमि की मौका फर्द दिनांक 27.06.2024 के माफिक सीमा पर पत्थरगढी करवाने का कानूनन अधिकारी है, जिसका यह प्रार्थना पत्र पत्थरगढी करवाने का पेश है।

प्रार्थना पत्र प्रस्तुत होने पर सिगेदार की रिपोर्ट ली गयी ओर प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरिये रजिस्टर्ड डाक के नोटिस से तलब किया गया। अप्रार्थी संख्या 35 पैरोकार सरकार तहसीलदार बाप ने जवाब पेश किया जो शामिल पत्रावली किया गया। अप्रार्थी संख्या 1 ता 34 की और से कोई उपस्थित नहीं आये लिहाजा एक पक्षीय कार्यवाही की गई। पत्रावली बहस में रखी गई।

अधिवक्ता प्रार्थीगण ने अपनी बहस में प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों को दोहराते हुए बताया कि प्रार्थी की खातेदारी भूमि ग्राम नेंवा पटवार हल्का कानासर तहसील बाप में खेत खसरा नम्बर 112 रकबा 20.1371 हैक्टेयर स्थित है। उक्त भूमि पर प्रार्थीगण का अपने अपने हिस्से पर कब्जा व काश्त आज दिन तक लगातार शांतिपूर्वक चला आ रहा है उक्त भूमि के चारों ओर तारबंदी नहीं होने की वजह से प्रार्थीगण द्वारा की जा रही काश्त को आवारा पशुओं द्वारा नष्ट किया जा रहा है जिससे प्रार्थीगण को अपूरणीय क्षति हो रही है। इसलिये उक्त भूमि पैमाईश फर्द दिनांक 27.06.2024 अनुसार अपनी हद में पत्थरगढी किये जाने के आदेश फरमावे।

अधिवक्ता प्रार्थीगण एवं पैरोकार की बहस सुनी गई बहस पर मनन किया गया तथा उपलब्ध दस्तावेजीय साक्ष्य का अवलोकन किया गया। प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत जमाबन्दी, नक्सा ट्रेस एवं मौका फर्द का अवलोकन किया गया। प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि ग्राम नेंवा पटवार हल्का कानासर तहसील बाप में खेत खसरा नम्बर 112 रकबा 20.1371 हैक्टेयर स्थित है। प्रार्थीगण वादग्रस्त भूमि का खातेदार है रेकर्डेड खातेदार को अपनी खातेदारी भूमि की पत्थर गढी करवाने का पूर्ण अधिकार है। इसलिए प्रार्थीगण पैमाईश फर्द दिनांक 27.06.2024 अनुसार पत्थरगढ़ी

02/6/25

सहायक कलेक्टर
बाप (फलोदी)

करवाने के हकदार है। प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र दस्तावेजात से साबित होने के कारण स्वीकार किया जाना उचित समझते है।

**आदेश**

प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाता है कि ग्राम नेंवा पटवार हल्का कानासर तहसील बाप में खेत खसरा नम्बर 112 रकबा 20.1371 हैक्टेयर भूमि की पत्थर गड्ढी मौका फर्द दिनांक 27.06.2024 अनुसार पड़ोसी खातेदारों को सूचित करते हुवे किये जाने के आदेश दिये जाते है। प्रार्थीगण द्वारा नियमानुसार शुल्क अदा किये जाने पर तहसीलदार बाप उक्त आदेश की पालना में विधिवत पत्थर गडढी करवावे। अगर आवश्यकता हो तो शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस इमदाद प्राप्त की जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर, दर्ज नम्बर से कम हो, बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 02.06.2025 को लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

सहायक कलेक्टर
बाप जिला फलोदी (राज.)

02/6/25

(सुखराम पिण्डेल, R.A.S.)
सहायक कलक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी
बाप (फलोदी)

सहायक कलेक्टर
बाप (फलोदी)